उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग
हरिद्वार–249404.
www.psc.uk.gov.in

संख्याः 483 / 01 / डी0आर0(डिग्री) / सेवा–2 / 2021–22 दिनांक : 01 जनवरी, 2025

विज्ञप्ति
असिस्टेंट प्रोफेसर (राजकीय महाविद्यालय) चयन–2021

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि असिस्टेंट प्रोफेसर (राजकीय महाविद्यालय) चयन–2021 के विज्ञापन दिनांक 04 दिसम्बर, 2021, विज्ञप्ति दिनांक 19 जनवरी, 2022 एवं दिव्यांगजन हेतु विज्ञप्ति दिनांक 23 दिसम्बर, 2022 द्वारा प्राप्त ऑनलाइन आवेदन पत्रों में अंकित ए0पी0आई0 स्कोर के आधार पर शार्टलिस्टिंग / संशोधित शार्टलिस्टिंग परिणाम में सफल अभ्यर्थियों से प्राप्त किये गये अभिलेखों की सन्निरीक्षा के क्रम में **असिस्टेंट प्रोफेसर भौतिक विज्ञान (PHYSICS)** विषय के लिए अर्ह अभ्यर्थियों हेतु **साक्षात्कार दिनांक 21 एवं 22 जनवरी, 2025** को निर्धारित किया गया है। अभ्यर्थियों के लिए साक्षात्कार ज्ञाप, साक्षात्कार कार्यक्रम को आयोग की ***Website:psc.uk.gov.in*** पर प्रसारित किया गया है। अभ्यर्थी अनुक्रमांकवार साक्षात्कार कार्यक्रम हेतु आयोग की वेबसाइट का अवश्य अवलोकन करें।

अभ्यर्थी आयोग की वेबसाइट से साक्षात्कार से संबंधित आवेदन पत्र इत्यादि को डाउनलोड करने के पश्चात् प्रपत्रों को पूर्ण रूप से भरकर समस्त संलग्नकों एवं चैक लिस्ट सहित मूल अभिलेखों के साथ साक्षात्कार के लिए उक्त **निर्धारित तिथि को उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग, हरिद्वार के कार्यालय में प्रथम सत्र पूर्वाहन् 09:00 बजे एवं द्वितीय सत्र अपराह्न 12:30 बजे उपस्थित होना सुनिश्चित करें।** यह भी सूचित किया जाता है कि अभ्यर्थियों को साक्षात्कार ज्ञाप डाक के माध्यम से पृथक से प्रेषित नहीं किये जायेंगे।

उक्त के अतिरिक्त यह भी अवगत कराना है कि असिस्टेंट प्रोफेसर (राजकीय महाविद्यालय) चयन–2021 के अन्तर्गत **असिस्टेंट प्रोफेसर भौतिक विज्ञान (PHYSICS) विषयान्तर्गत** विज्ञप्ति **दिनांक 14 नवम्बर, 2024** के क्रम में अनर्ह सूची के संबंध में अभ्यर्थियों को प्रत्यावेदन प्रस्तुत करने के लिए समय प्रदान किया गया था, जिसके सापेक्ष अभ्यर्थियों द्वारा अभिलेख प्रस्तुत किये जाने की अंतिम तिथि 29 नवम्बर, 2024 तक प्राप्त प्रत्यावेदनों का परीक्षण करते हुए प्रत्यावेदनों का निस्तारण मा0 आयोग द्वारा कर दिया गया है, जिसके क्रम में उक्त विषय के अंतिम रूप से अनर्ह अभ्यर्थियों की सूची आयोग की वेबसाईट ***psc.uk.gov.in*** पर प्रसारित की गयी है।

-Sd/
(गिरधारी सिंह रावत)
सचिव